प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

अनुराग ठाकुर

वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय सूचना व प्रसारण और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 साल के छोटे से कार्यकाल में भारत को दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया है। हमीरपुर के गांधी चौक पर आयोजित पार्टी की एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में भाजपा हिमाचल में चार की चार और देश में चार सौ से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करेंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश विधानसभा की 6 सीटों पर हो रहे उप–चुनाव में भाजपा सभी सीटें बड़े अंतर से जीतने जा रही है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि भाजपा भले ही विधानसभा चुनाव में सरकार नहीं बना पाई लेकिन उसे 15 महीनों में ही प्रदेश में सरकार बदलने का अवसर मिलने जा रहा है। उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से राज्य में चारों ओर कमल खिला देने का आह्वान किया

प्रतिभा सिंह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने राज्य की चारों लोकसभा और 6 विधानसभा सीटों के उप–चुनाव में जीत दर्ज करने का दावा किया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में पहली जून को होने वाले 4 लोकसभा और 6 विधानसभा उप–चुनाव प्रदेश की भावी राजनीति की दिशा और दशा तय करेंगे। प्रतिभा सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरने का आह्वान किया ताकि इन चुनावों में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपनी पांच गारंटियां अभी तक पूरी कर दी हैं और शेष गारंटियों को भी सरकार पूरा करेगी। प्रतिभा सिंह ने कहा कि कांग्रेस का राष्ट्रीय स्तर पर जारी घोषणा पत्र पार्टी का विजन दस्तावेज है जो लोगों की आशाओं और आंकाक्षाओं को पूरा करता है।

बिंदल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया है। हमीरपुर में भाजपा की रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूर्व प्रदेश भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई हिमकेयर योजना को बंद करने का प्रयास कर रही है। बिंदल ने कहा कि इस योजना के लिए फंड न देकर जनता को होने वाले लाभ से वंचित किया जा रहा है।

मनीष गर्ग

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने कहा है प्रदेश में आदर्श चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। शिमला में उन्होंने कहा कि आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों को विभाग प्राथमिकता के आधार पर निपटा रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग को सी–विजिल ऐप और जिला निर्वाचन अधिकारियों के माध्यम से भी शिकायतें मिल रही हैं। मनीष गर्ग ने कहा कि प्रदेश में पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र व निष्पक्ष संपन्न करवाने के लिए विभाग द्वारा सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। इस कार्य के लिए चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को जहां प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं वहीं सुरक्षा के लिहाज से भी ज़रूरी प्रबंध किए जा रहे हैं।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

आज अलग–अलग खबरों को समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है।
दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–कांग्रेस की टिकटों का रिज्लट कल छंट जाएगी धुंध। पंजाब केसरी की खबर है–6 बागियों के खिलाफ दमदार प्रत्याशी उतारना चाहती है कांग्रेस। इसी अखबार की एक अन्य खबर है–ऊना के एक निजी होटल में भाजपा शीर्ष नेताओं ने बनाई रणनीति। दैनिक सवेरा टाईम्स ने केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के बयान को सुर्खी दी है–हिमाचल प्रदेश में चार की चार और देश मे चार सौ की बयार।

दैनिक जागरण ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के हवाले से लिखा है–हमसे आंकड़ा न पूछें, सुक्खू बताएं 43 से 34 कैसे रह गए,जबकि इसी अखबार ने उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के बयान को शीर्षक दिया है–भाजपा का मिशन लोटस हुआ फेल।
आपका फैसला ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयान को शीर्षक दिया है–कांग्रेस मजबूत और जिताऊ प्रत्याशी ही चुनाव में उतारेगी। अखबार ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के बयान को सुर्खी दी है–मुख्यमंत्री तनाव में उल्टी सीधी बयानवाजी कर रहे है।

शिमला में पकड़े गए पंजाब के दो नशा तस्करों की बिगड़ी तबीयत आईजीएमसी में करवाया उपचार–दैनिक भास्कर की एक खबर है।

अमर उजाला की एक खबर है–हमीरपुर में भाजपा को झटका नगर–परिषद अध्यक्ष और पारषदों कांग्रेस में शामिल। अखबार की एक अन्य खबर है–जन–औषधि केंद्र में गैर जेनेरिक दवाएं बेचने पर रोक–हाईकोट ने रामपुर के खनेरी अस्पताल के लिए जारी किए आदेश–बेची जा रही थी बिना अनुमति।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है–पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय 16 अप्रैल तक बारिश–ओलावृष्टि का पूर्वानुमान। अखबार लिखता है– कुमारसैन में हुई ओलावृष्टि से सेब की 40 प्रतिशत फसल तबाह मटर फूल गोभी को भी नुकसान। दैनिक जागरण के अनुसार–कल से आंधी के साथ वर्षा और ओलावृष्टि की चेतावनी।

——————————————————————